दिनांक–13.06.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- पर्यटन गंतव्यों तक संपर्क बेहतर करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज करेंगे पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ।
- जबलपुर नगर निगम बाल्मीकि तकनीक से चार महीने में लगाएगा 12 लाख पौधे।
- प्रदेश के और करीब पहुंचा मानसून, कई शहरों में गरमी के तेवर हुए ढीले।
- आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत ने अमरीका को 7 विकेट से हराकर सुपर– 8 में जगह पक्की की।

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा–प्रदेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पर्यटन गंतव्यों तक कनेक्टिविटी बेहतर करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 9 बजे राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भोपाल से जबलपुर जाने वाली पहली फ्लाइट को रवाना करेंगे। यह फ्लाइट भोपाल से जबलपुर होकर रीवा जाएगी, वहां से सिंगरौली लैंड होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल एयरपोर्ट पर शुरू किये जा रहे टिकिट बुकिंग काउंटर का भी शुभारंभ कर यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान करेंगे।

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत प्रदेश के आठ शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का संचालन मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा पीपीपी आधार पर मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है। भोपाल और ग्वालियर के बीच इस सेवा का शुभारम्भ 15 जून को राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा से होगा।

पौधारोपण–जबलपुर

जबलपुर नगर निगम चार महीने में 12 लाख पौधे लगाने की तैयारी कर रहा है। इसमें जनभागीदारी और सामाजिक संस्थाओं से भी मदद ली जाएगी। जानकारी के अनुसार जून से सितंबर महीने तक एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही, अक्टूबर महीने के दशहरा से दीपावली के बीच एक साथ कई जगह 11 लाख पौधे लगाए जाएंगे। पौधे वाल्मीकि पद्धति द्वारा लगाये जायेगें। इस पद्धति से बहुत कम समय में जंगलों को घने जंगलों में परिवर्तित किया जाता है इस अभियान में 8 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इन पौधों की निगरानी सीसीटीवी और कर्मचारियों के जरिए की जाएगी। पौधों को सुरक्षा भी मुहैया करवाई जाएगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान–प्रदेष

ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इंदौर जिले के जानापाव में स्थित सात नदियों के उद्गम स्थल पर पूजन अर्चन किया। इंदौर जिले के जानापाव में यह अपने तरह का पहला एवं अनूठा स्थल है जहां से सात नदियों– चंबल, चोरल, मारल, नखेरी, कारम, अजनार और गंभीर नदियों का उद्गम हुआ है। साथ ही यह पवित्र स्थल भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली भी है। श्री पटेल ने इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में चर्चा की।

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान जोर शोर से चल रहा है. इंदौर जिले में तालाबों के गहरीकरण के 56 कार्य एवं जन भागीदारी से 36 अन्य कार्य इस प्रकार से कुल 92 तालाबों में गहरीकरण का कार्य जन भागीदारी से किए जाने के अच्छे परिणाम आए हैं।नर्मदापुरम जिले में 345 नए कार्य और 151 पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य किए जा रहे हैं। खंडवा जिले में छैगांव माखन विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा छैगांवमाखन में नाला गहरीकरण एवं गाद निकालने का कार्य प्रारम्भ किया गया।

तीन नए आपराधिक कानून–भोपाल

देश के साथ साथ प्रदेश में भी एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। इन कानूनों के बारे में बताते हुए भोपाल में अतिरिक्त जिला अभियोजक प्रियंका उपाध्याय ने बताया कि इन बदलावों से न्याय मिलने में आसानी होगी।

सेब–पचमढ़ी

जब भी सेब का नाम आता है तो हम कश्मीर या हिमाचल के बारे में सोचते है, लेकिल आज हम आपको बताएंगे कि मध्यप्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी की पहाड़ियों में कैसे सेब उगाए रहे हैं, बता रहे है हमारे संवाददाता।

मौसम–प्रदेष

मानसून प्रदेश की सीमा के करीब पहुँच गया है, लेकिन बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में कमजोर होने की वजह से इसके राज्य में प्रवेश में 4 से 5 दिन और लगेंगे। मानसून प्रदेश में दक्षिण हिस्से से प्रवेश करेगा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून 18 जून तक आ सकता है। प्रदेश में प्री–मानसून की गतिविधियाँ जारी है। कल भोपाल, विदिशा, इंदौर, खंडवा राजगढ़, रायसेन और बड़वानी सहित कई जिलों में मौसम बदल गया। इधर, कई जिलों में गर्मी का असर भी देखा गया। छतरपुर के खजुराहो में तापमान सबसे ज्यादा 45 दशमलव 4 डिग्री रहा। भोपाल में 39 दशमलव 8 डिग्री, इंदौर में 35 दशमलव 8 डिग्री, ग्वालियर में 44 दशमलव 6 डिग्री और जबलपुर में 41 दशमलव 4 डिग्री रहा।

सड़क दुर्घटना : सीहोर–भिंड

प्रदेश में अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मृत्यु हो गयी और कुछ लोग घायल हो गए। सीहोर जिले में शाहंगज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परसवाड़ा के समीप बस और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। उधर, भिंड जिले के दतिया–मुरैना स्टेट हाईवे पर बेकाबू कार ने 12 लोगों को रौंद दिया। इनमें आठ की हालत गंभीर है।

टी–ट्वेन्टी विश्व कप क्रिकेट

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत ने कल अमरीका को 7 विकेट से हराकर सुपर– 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए अमरीका ने 110 रन बनाए। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट लिए। 111 रन के लक्ष्य के जवाब में भारत की शुरुआत खराब रही। इसके बाद सूर्य कुमार यादव के अर्द्धशतक और शिवम दुबे के साथ उनकी साझेदारी के बल पर भारत ने यह मैच जीत लिया। वहीं, आज दो मैच खेले जायेंगे। पहले मुकाबले में आज सुबह मेजबान वेस्टइंडीजका मुकाबला न्यूजीलैंड से हो रहा है । जबकि दूसरे मुकाबले में आज शाम वेस्टइंडीज के किंग्सटाउन में बांग्लादेश का सामना नीदरलैंड्स से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज इटली में अपुलिया के लिये रवाना होंगे। तीसरे कार्यकाल में सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली विदेश यात्रा होगी।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज एक दिवसीय प्रवास पर रीवा जाएंगे। मुख्यमंत्री जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन बावली तथा बिछिया नदी घाट में जल संवर्धन कार्य में श्रमदान करेंगे।
- प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश सरकार ने दिए हैं । निजी विश्वविद्यालयों से उस सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित करने को भी कहा गया है ।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मध्य प्रदेश कैडर के 29 प्रमोटी आईएएस अधिकारियों की वरिष्ठता निर्धारित करते हुए नए सिरे से कैडर वर्ष का आवंटन कर दिया है। इस वरिष्ठता निर्धारण प्रक्रिया में मप्र कैडर के राज्य पुलिस सेवा के वर्ष 2018, 2019, 2020, 2021 और वर्ष 2022 में आईपीएस पद पर प्रमोट होने वाले अधिकारियों की वरिष्ठता तय की गई है।

- कौशल विकास विभाग द्वारा UN&Women की तकनीकी सहायता से महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जेंडर संवेदीकरण और यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर संभागीय आईटीआई, भोपाल में आज सुबह 10:30 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- डिंडोरी में कृषि उप संचालक ने बताया कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने हेतु शासन द्वारा संचालित एम.पी. किसान पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है।
- इंदौर में एक करोड़ 55 लाख रूपये की लागत से प्रीतमलाल दुआ सभागृह के आंतरिक भाग का नवीनीकरण किया जायेगा। इस कार्य के लिए अभी पुस्तकालय द्वारा 50 लाख रूपये की राशि प्रदान की जाएगी।
- सतना जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति संबंधी सूचनाओं के आदान–प्रदान के लिये जिला स्तरीय कंट्रोल रुम 15 जून से 30 सितंबर तक निरंतर कार्यरत रहेगा।
- शाजापुर में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा विभिन्न प्रयोजनों के लिए 113 दशमलव 211 हेक्टयर भूमि विभागों को हस्तांतरित की है।
- निवाड़ी के उत्कृष्ट विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर समापन कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक डॉ राय सिंह नरवरिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

———————————————————